p>

Title: Request government to give clearance to provide housing to 15 lakh Rural people of Andhra Pradesh.

**श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ (काकीनाडा):** सभापति महोदय, मैं हिन्दी में बोलने की कोशिश करती हूं । मैं आध्र प्रदेश के लोगों और वाईएसआरसीपी पार्टी के मेरे सहयोगी सांसदों के बारे में, ग्रामीण आवास की मंजूरी के लिए भारत सरकार से अनुरोध कर रही हूं । तेलगु में एक कहावत है:-

"इल्लु कट्टिचूड्डु, पेली चेसि चूड्डु

इल्ले कदा स्वर्ग सीमा ।"

इसका मतलब एक गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए अपना घर बनाना मुश्किल है । भारत में कई गरीब लोगों के पास ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी रहने के लिए उचित आश्रय नहीं है । गरीब लोगों को आश्रय देना सरकार की जिम्मेदारी है । आर्थिक और जाति जनगणना 2011 के अनुसार 2.55 लाख लाभार्थियों की एक सूची प्रदान की गई थी, जिसमें केवल 75 हजार लाभार्थी के लिए स्वीकृत मकान थे ।

सर, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृष्टि में सभी लोगों के लिए आवास, वर्ष 2022 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है । आंध्र प्रदेश में हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी जगनमोहन रेड्डी गारु ने "पेदलन्दरिकी इल्लु", सभी के लिए आवास के माध्यम से आवास के लिए पहल की है । पीएम और सीएम दोनों में एक समानता है कि वे सभी गरीब लोगों को आवास प्रदान करना चाहते हैं । भारत सरकार को लाभार्थियों की सूची भेज दी गई है । मैं भारत सरकार से 15 लाख ग्रामीण घरों की मंजूरी के लिए अनुरोध करती हूं ।